शुक्रवार

29 दिसंबर 2023

केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



25 हजार रुपए का इनामी टॉप 10 कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

2



## 5 लाख के इनामी शूटर अरमान की संपत्ति कुर्क

**प्रयागराज।** प्रयागराज में दिनदहाड़े हुए उमेश पाल और दो सरकारी गनर शूटआउट मामले में फरार 5 लाख के इनामी शूटर अरमान की संपत्ति कुर्क की गई है। आरोपी अरमान सिविल लाइन इलाके में रहता था, धूमनगंज पुलिस कोर्ट के आदेश पर ताला तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुई। इसके बाद दो कमरों में रखे घर के सामान को मजदूरों की मदद से बाहर निकाला गया। पुलिस ने सामान को कुर्क कर सिविल लाइन थाने के सुपुर्द कर दिया है। हत्याकांड के बाद से अरमान फरार चल रहा है। अरमान के खिलाफ इसके पहले धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई हो चुकी थी। बमबाज गुड्डू मुस्लिम को बाइक पर बैठाकर अरमान घटनास्थल पर पहुंचा था। अरमान मूलत बिहार का रहने वाला है।

# अयोध्या में तैयार हो रही टेंट सिटी में होंगी लग्जरी होटल जैसी सुविधाएं

- अयोध्या विकास प्राधिकरण के प्रयास के जरिए तीर्थ यात्रियों को पावन सरयू तट के समीप मिलेगा हेरिटेज कॉटेज स्टे जैसा अहसास

**केटी न्यूज ब्यूरो/अयोध्या**

प्रभु श्रीराम उत्तर प्रदेश समेत देश-दुनिया की आस्था का केंद्र तो हैं ही, मगर जिस पावन नगरी में खुद श्रीहरि नारायण 'मर्यादा पुरुषोत्तम' के रूप में साकार हुए हों उसका वैभव भला शब्दों में कैसे बयां हो सकता है। यही कारण है कि जिस प्रकार राम नाम की महिमा का बखान करते भक्त नहीं थकते उसी प्रकार अयोध्या भी केवल नगर नहीं बल्कि 'वैराग्य के वैभव' का जीवित प्रतिमान है। 'राम राज्य' की परिकल्पना को साकार होते देखने वाले इस शहर ने कई सदियों तक पराभव का दंश झेला, मगर अब दिन बहुरे तो



एक बार फिर अयोध्या का खो चुका वैभव नए प्रारूपों में लौट कर आ रहा है। विकास के पथ पर अग्रसर अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व ही पूरी दुनिया के श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा है। ऐसे में, उनकी आवभगत के लिए पीएम मोदी के विजन और सीएम योगी के क्रियान्वयन के फलस्वरूप अयोध्या में कई प्रकार की सुविधाओं का विकास हो रहा है। इन्हीं में से एक है यहां की आधुनिक टेंट सिटी जिसे अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा डेवलप किया जा रहा है। एडीए की ये टेंट सिटीज डबल ऑक्यूपेंसी वाली लग्जरी व सेमी लग्जरी केटेगरी सुइट बेस्ड हैं। यहां ठहरने वाले श्रद्धालुओं को प्रकृति की छांव में पौराणिक व आधुनिक अयोध्या के समावेश की अनुभूति होगी।

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में लाखों लोग होंगे शामिल

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश-विदेश से लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से विभिन्न स्थानों पर टेंट सिटी का निर्माण कराया गया है। माझा गुप्तार घाट में 20 एकड़ भूमि में टेंट सिटी स्थापित किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के रहने की व्यवस्था की जा रही है। ब्रह्मकुंड के पास भी टेंट सिटी स्थापित की जा रही है, जिसमें 35 टेंट लग रहे हैं। वहीं, रामकथा पार्क में भी 30 टेंट्स की सिटी स्थापित की जा रही है। इसी प्रकार तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से बाग बिजेसी में 25 एकड़ भूमि में टेंट सिटी स्थापित की जा रही है, जिसमें हजारों लोगों के रुकने की व्यवस्था हो सकेगी।

### 16 से 22 जनवरी तक चलेगा प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। जैसे-जैसे यह पल समीप आ रहा है, आमजन में जिज्ञासा भी बढ़ती जा रही है। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में सात दिनों तक वृहद स्तर पर अनुष्ठान प्रक्रिया चलेगा, जिसकी शुरूआत 16 जनवरी से होगी। 22 जनवरी को श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के करकमलों से श्रीराम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस कार्यक्रम के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर अयोध्या दौरा कर रहे हैं। दो दिसंबर व 21 दिसंबर को अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर राम मंदिर निर्माण कार्य का अपडेट ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में देश-विदेश से काफी संख्या में आगंतुक उपस्थित रहेंगे।

- **16 जनवरी:** मंदिर ट्रस्ट की ओर से नियुक्त यजमान द्वारा प्रायश्चित, सरयू नदी के तट पर दशविध स्नान, विष्णु पूजन व गोदान
- **17 जनवरी:** रामलला की मूर्ति के साथ निकलेगी शोभायात्रा
- **18 जनवरी:** गणेश अंबिका पूजन, वरुण पूजन, मातृका पूजन, ब्राह्मण वरण, वास्तु पूजन आदि से विधिवत अनुष्ठान आरंभ होगा
- **19 जनवरी:** अग्नि स्थापना, नवग्रह स्थापना और हवन
- **20 जनवरी:** मंदिर के गर्भगृह को सरयू के पवित्र जल से धोने के बाद वास्तु शांति और अन्नाधिवास होगा
- **21 जनवरी:** 125 कलशों से दिव्य स्नान के बाद शैयाधिवास कराया जाएगा
- **22 जनवरी:** सुबह पूजन के बाद मध्यान्ह काल में मृगशिरा नक्षत्र में रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा होगी

### दिल्ली में हुई जदयू पदाधिकारियों की बैठक

# ललन सिंह बोले... जदयू एक है और एकजुट रहेगी

- ललन सिंह का जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा की अटकलें तेज
- आज होने वाली बैठक पर टिकीं सबकी निगाहें

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली में जेडीयू पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को हुई। इस बैठक के बाद दिल्ली जेडीयू अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने कहा कि ललन सिंह अध्यक्ष हैं, पहले भी थे और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार राष्ट्रीय कार्यकारिणी और परिषद की बैठक होगी। हालांकि, सूत्र अभी भी बता रहे हैं शुक्रवार को होने वाली बैठक में ललन सिंह का जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा हो सकता है और नीतीश कुमार इस पद की कमान संभाल सकते हैं। पहले भी नीतीश कुमार जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे में शुक्रवार को होने वाली बैठक पर अब सबकी नजरें टिकी हुई हैं। बैठक शुरू होने से पहले एक दिलचस्प तस्वीर ये सामने आई कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेने के लिए एक साथ जंतर-मंतर पर स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे। नीतीश कुमार के आवास पर बैठक के बाद दोनों नेताओं ने एक साथ आने का फैसला किया। इसका उद्देश्य पार्टी में एकजुटता का संदेश देना प्रतीत होता है।

पार्टी सूत्रों ने शुक्रवार को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और परिषद की बैठक में सिंह के जदयू अध्यक्ष पद से हटने की संभावना से इनकार नहीं किया। पार्टी के एक नेता ने कहा कि नीतीश कुमार यह जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। हालांकि उन्होंने कहा जेडीयू के दोनों शीर्ष नेताओं की ओर से इस संबंध में कोई पुष्टि नहीं की गई है। इससे पहले, ललन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा देने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि केंद्र की सत्तारूढ़ बीजेपी के इशारे पर मीडिया द्वारा एक विमर्श खड़ा किया जा रहा है। राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक से पहले पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की अटकलों के बीच सिंह ने कहा कि यह बैठक नियमित है और उनकी पार्टी एकजुट है। सिंह ने कहा, अगर मुझे इस्तीफा देना है, तो मैं मीडिया को बुलाऊंगा और आपसे परामर्श करूंगा कि त्याग पत्र में क्या लिखना है ताकि आप भाजपा कार्यालय जा सकें और मसौदा प्राप्त कर सकें। ललन सिंह ने कहा कि यह एक नियमित बैठक है. उन्होंने कहा, आप कहानी गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं... जद यू एक है और एकजुट रहेगी।



### सीएम नीतीश कुछ ही दिनों के मेहमान: गिरिराज सिंह

केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता गिरिराज सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर भविष्यवाणी कर दी है। गुरुवार को मीडिया से बातचीत में गिरिराज सिंह ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार कुछ ही दिनों के मेहमान हैं। वह मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। लालू यादव ने पूरा चक्रव्यूह रच दिया है। कहा कि अवध बिहारी चौधरी को स्पीकर बनाना पहला चक्रव्यूह था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तेजस्वी यादव को सीएम नहीं बना रहे हैं। नीतीश कुमार राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक कर लें, अब वो कुछ ही दिनों के मेहमान हैं। लालू यादव अब नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं रहने देंगे। अपने बयान में तंज कसते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के पास दो रास्ते हैं, एक तेजस्वी यादव को सीएम मान लें, दूसरा जेडीयू का आरजेडी के साथ विलय कर दें यही दो रास्ते बचे है। अगर नहीं माने तो फिर गर्दनिया पासपोर्ट।

# सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के आरोपी के घर पर चला बुलडोजर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

यूपी की योगी सरकार की तर्ज पर राजस्थान की भजनलाल सरकार भी गैंगस्टर के खिलाफ सख्त एक्शन लेना शुरू कर दिया है। पिछले दिनों जयपुर में सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के आरोपी शूटर रोहित राठौड़ के ठिकानों पर सरकार ने बुलडोजर चला दिया है। नागौर जिले के मकराना के पास जूसरी गांव के रहने वाले रोहित राठौड़ का जयपुर के खातीपुरा इलाके में मकान है। राठौड़ ने वहां अवैध निर्माण करते हुए कब्जा कर रखा था। इस पर कार्रवाई करते हुए आज गुरुवार को सरकार ने बुलडोजर चलवा दिया।

खातीपुरा इलाके के सुंदर नगर में रोहित राठौड़ का मकान है जिसे उसके पिता गिरधारी सिंह राठौड़ ने खरीदा था। सेना से रिटायर्ड गिरधारी सिंह की मृत्यु हो चुकी है। रोहित अपनी मां के साथ इस मकान में रहता था। आपराधिक प्रवृति के लोगों के साथ रहते हुए उसने इलाके में दहशत फैला रखी थी। प्लॉट के आसपास अवैध निर्माण करते हुए रोहित ने कब्जा कर रखा था। पुलिस को रोहित के द्वारा किए गए अवैध निर्माण के बारे में जानकारी मिली तो जयपुर नगर निगम ग्रेटर को सूचना दी। तमाम दस्तावेजों की जांच के बाद नगर निगम की टीम ने गुरुवार को बुल्डोजर चलाते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

रोहित राठौड़ ने अपने साथी नितिन फौजी के साथ मिलकर 5 दिसंबर को जयपुर के श्याम नगर इलाके में रहने वाले सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। रोहित और नितिन अपने तीसरे साथ नवीन सिंह शेखावत के साथ गोगामेड़ी के घर पहुंचे थे। गोगामेड़ी पर दनादन गोलियां चलाने के साथ उन्होंने नवीन सिंह शेखावत की भी हत्या कर दी।

# जमुई में बंधक बनाकर एक छात्र की पीट-पीटकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

जमुई जिले के टाउन थाना क्षेत्र के नारडीह में बंधक बनाकर एक छात्र की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। गुरुवार की सुबह पुलिस ने नारडीह स्थित सुनील शर्मा के घर से अर्धनग्न अवस्था में छात्र का शव बरामद किया। छात्र के पूरे शरीर पर जख्म के निशान पाए गए हैं। छात्र का शव उसके साथ पढ़ने वाली एक लड़की के घर से मिला है। कुछ लोग इस हत्या को लेकर प्रेम प्रसंग के एंगल से भी जोड़कर देख रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है।

छात्र की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के महिसौड़ी निवासी रंजीत साह के पुत्र रूपेश के रूप में हुई है। रंजीत साव ने बताया कि उन्होंने सुनील शर्मा को डेढ़ लाख रुपये कर्ज के तौर पर दिए थे। काफी दिनों से वह पैसा देने के लिए टालमटोल कर रहा था। उनका पुत्र रूपेश कुमार हमेशा सुबह उठकर मॉर्निंग वॉक के लिए जाता था। गुरुवार की अहले सुबह भी रूपेश को फोन कर पैसा लेने के लिए बुलाया गया और उसे पीट-पीटकर कर मार डाला गया।

# रंग लाया भारत का प्रयास... कतर में आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों की मौत की सजा पर रोक


**एजेंसी/नई दिल्ली**

कतर में पूर्व भारतीय नौसैनिकों की मौत की सजा पर रोक लग गई है। इसे भारतीय कूटनीति की बहुत बड़ी जीत के तौर पर देखा जा रहा है। कतर की अदालत ने एक अज्ञात मामले में 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई थी। दावा किया गया था कि इन पूर्व भारतीय नौसैनिकों को जासूसी मामले में कतरी कोर्ट ने यह सजा दी थी। लेकिन, मामले का खुलासा न तो कतर ने किया और ना ही भारत ने। हालांकि, भारत ने कतर के कोर्ट की फांसी वाली सजा पर आपत्ति जताई थी और पूर्व भारतीय नौसैनिकों को हर संभव मदद का भी ऐलान किया था। इस बीच दिसंबर की शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के शासक शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की थी।

भारत ने कहा कि हमने दहरा ग्लोबल मामले में कतर की अपील अदालत के आज के फैसले पर गौर किया है, जिसमें सजाएं कम कर दी गई हैं। विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है। हम अगले कदम पर निर्णय लेने के लिए कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ निकट संपर्क में हैं। हम इस मामले को कतरी अधिकारियों के समक्ष भी उठाना जारी रखेंगे। इस मामले की कार्यवाही की



गोपनीय और संवेदनशील प्रकृति के कारण, इस समय कोई और टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। कतर ने पीएम मोदी और शेख तमीम बिन हमद अल थानी की मुलाकात के तुरंत बाद भारत को पूर्व नौसैनिकों से मिलने के लिए दूसरी बार कांसुलर एक्सेस दी थी। तभी संभावना जताई गई थी कि कतर इस मामले को लेकर अब नरम रुख दिखा रहा है। ज्ञात हो कि कतर की एक अदालत ने आठ सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारियों और एक नाविक को मौत की सजा सुनाई। ये लोग अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के कर्मचारी थे, जो एक निजी कंपनी थी जो कतर के सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षण और अन्य सेवाएं प्रदान करती थी। उन्हें पिछले साल अगस्त से अज्ञात आरोपों के चलते गिरफ्तार किया गया था।




### होटल गार्गी ग्रैंड में मुजरा, लजीज व्यंजन और धमाकेदार डांस के साथ करें नए साल का स्वागत

# अभिनेत्री यामिनी सिंह के साथ 31 की रात को बनाएं खास

- 31 दिसंबर की शाम को खास बनाने के लिए मॉकटेल की स्पेशल रेंज भी सर्व की जाएगी और यहां का वातावरण आपको वर्ल्ड टूर नाइट जैसी वाइब फील देगा

**केटी न्यूज/पटना**

नए साल के आगाज में अब बस कुछ दिन का वक्त शेष है। ऐसे में अगर आप अपनी फैमिली या अपने पार्टनर के साथ 31 दिसंबर की नाइट को और स्पेशल बनाना चाहते हैं तो राजधानी पटना के एग्जीबिशन रोड स्थित होटल गार्गी ग्रैंड में मिलेगा ये शानदार मौका, जहां आपको मुजरा, लजीज व्यंजन और धमाकेदार डांस के साथ अभिनेत्री यामिनी सिंह के साथ मिलेगा थिरकने का मौका। 31 दिसंबर की शाम को खास बनाने के लिए मॉकटेल की स्पेशल रेंज भी सर्व की जाएगी और यहां का वातावरण आपको वर्ल्ड टूर




नाइट जैसी वाइब फील देगा। उक्त बातें गुरुवार को होटल गार्गी ग्रैंड में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान होटल के जेनरल मैनेजर विवेक कुमार, शेफ निलेश, डायरेक्टर ऑफ सेल्स राकेश सिंह, पी आर ओ स्निग्धा पांडेय ने दी। उन्होंने संयुक्त रूप से बताया कि होटल गार्गी ग्रैंड में 31 दिसंबर की नाइट पर मुजरा कार्यक्रम इस बार भी अलग अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा इस बार न्यू इयर इव पर अभिनेत्री यामिनी सिंह भी मुख्य आकर्षण होंगी। साथ ही यहां का इंडियन, साउथ इंडियन, ओरिएंटल, कांटिनेंटल और इटालियन लजीज व्यंजन नये साल के शुरूआत के जश्न में पटना वासियों के लिए चार चांद लगाने वाले हैं। यह सब आपको इस होटल में मिलेगा, वर्ल्ड टूर नाईट जैसी वाइब के साथ। जो इस बार पूरे बिहार में आपको कहीं नहीं मिलने वाला है।

### प्लेबैक सिंगर सलोनी ठाकुर भी होंगी कार्यक्रम में शामिल

उन्होंने बताया कि बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर सलोनी ठाकुर को भी हमने यहां बुलाया है, जो अपनी धुन पर इस शाम लोगों को थिरकने पर मजबूर करेगी। वहीं, इंडिया गॉट टैलेंट की रनर अप डांस ट्रूप एंजेल डांस ट्रूप भी इस आयोजन में अपना जलवा बिखेरेंगी। किड प्ले जोन, लाइव डीजे और डांस फ्लोर, टैटू, नेल पेंट, जादूगर,आकर्षक सेल्फी पॉइंट, स्टार्टर अनलिमिटेड, अनलिमिटेड लैविश डिनर बुफे भी यहाँ वर्ल्ड टूर जैसे परोसे जायेंगे। 31 दिसंबर की शाम 8 बजे से सजेगी यादगार महफिल, जिसमें भाग लेने के लिए कपल के लिए 4999 रुपए, स्टैग 2999 रुपए और किड्स के लिए 1499 रुपए एंट्री फी है. आप इसकी बुकिंग होटल काउंटर से या 9771497932 / 9771486429 /9771497910 / 9771497912 पर कॉल कर करा सकते हैं।

# पुलिस टीम से धक्का-मुक्की कर हत्या के आरोपित को लोगों ने भगाया

- अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव की बुधवार की रात की घटना
- पैक्स अध्यक्ष सहित 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी
- आठ साल पुराने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पकड़ने गयी थी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव में छापेमारी करने गयी पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की कर हत्या में वांटेड सहित दो मामलों के दो आरोपितों को भगा दिया गया। आरोपितों को भागने का आरोप चर्चित पूर्व मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष रिंकू सिंह सहित अन्य लोगों पर लगा है। घटना बुधवार की देर रात की है। इसे लेकर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें रिंकू सिंह सहित बड़गांव गांव निवासी 11 लोगों को आरोपित किया गया है। 10-15 अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया। सभी पर सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने, हत्या के आरोपितों को भगाने और पुलिस को धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

प्राथमिकी के अनुसार थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बुधवार की देर रात इलाके में छापेमारी करने निकली थी। उसी दौरान सूचना मिली कि अगस्त 2015 में हुई हत्या के एक आरोपित छोटू सिंह उर्फ युवराज सिंह उर्फ करिया और एक अन्य केस में वांछित डब्लू सिंह उर्फ विष्णु कुमार ड़गांव गांव में हैं। उस आधार पर टीम द्वारा डब्लू सिंह के घर छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। तभी डब्लू सिंह के भाई बबलू सिंह और रवि रंजन सिंह उर्फ भोदू पहुंच गए एवं पुलिस के साथ धक्का-मुक्की कर दोनों आरोपितों को भगा दिया गया। पुलिस ने पीछा किया, तो दोनों रिंकू सिंह के घर में छुप गये। पुलिस रिंकू सिंह के दालान पर पहुंची तो वहां भी धक्का मुक्की कर दोनों आरोपितों को भगा दिया गया। उस समय पुलिस के साथ गाली-गलौज करते हुए धमकी भी दी गयी। किसी तरह पुलिस को मौके से जान बचाकर भागना पड़ा। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा पुलिस के साथ धक्का-मुक्की कर आरोपित को भगा दिया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हथियार के साथ तीन नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

**आरा।** नगर थाने की पुलिस ने हथियार लेकर घूम कार सवार चार संदिग्ध लड़कों को गिरफ्तार किया है। उनमें तीन किशोर भी शामिल हैं। सभी कोईलवर, बड़हरा और मुफस्सिल इलाके के रहने वाले हैं। इनके पास से एक देसी कट्टा और एक गोली बरामद किया गया है। चारों को बुधवार की शाम धरहरा मोड़ के पास गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लड़कों में एक बड़हरा थाने के बड़हरा निवासी नीरज कुमार, दो कोईलवर थाने के चंदा और एक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धुधुआं गांव का रहने वाला है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार कुमार के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर मो. अली पुलिस बल के साथ विधि-व्यवस्था को लेकर धरहरा मोड़ के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी जमीरा की ओर से लाल रंग की एक कार आती दिखी। पुलिस ने रोकने का इशारा किया, तो चालक तेजी से कार लेकर भागने लगा। तब पुलिस द्वारा खदेड़ कर कार को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान कार से एक देसी कट्टा और एक गोली बरामद की गयी। उसके बाद कार सवार चारों लड़कों को गिरफ्तार कर लिया गया। कार को भी जब्त कर लिया गया है। चारों लड़कों से हथियार लेकर घूमने गए कारणों के बारे में पूछताछ की जा रही है। कार की भी जांच की जा रही है।

## एक नजर

### बेलगाम ट्रक की चपेट में आने से टहलने निकले रिटायर आर्मी मैन की मौत

**आरा।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पीरो थाना क्षेत्र के देवचंदा स्थित पुल के समीप गुरुवार सुबह बेलगाम ट्रक ने टहलने निकले एक रिटायर आर्मी मैन को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी आर्मी मैन की इलाज के दौरान पीरो अनुमंडलीय अस्पताल में मौत हो गई। मृत फौजी पीरो थाना क्षेत्र के हरि टोला गांव निवासी स्व.राम सकल सिंह के 71 वर्षीय पुत्र राम नरेश सिंह थे। वह 1995 में भोपाल से रिटायर हुए थे। उनके बेटे पंकज कुमार उर्फ राकेश कुमार ने बताया कि रोज की तरह उसके पिता गुरुवार की सुबह भी मॉर्निंग वॉक पर टहलने निकले थे। तब देवचंदा पुल के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना उनके उन्हें इलाज के लिए पीरो अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया।वहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस? पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि फौजी के परिवार में पत्नी बुधिया देवी और इकलौते पुत्र पंकज कुमार उर्फ राकेश कुमार है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी और बेटे सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### हसनपुरा गांव में गेहूं के खेत से मिला युवक का शव, डूबने से मौत होने की आशंका

**आरा।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव स्थित गेंहू के खेत से गुरुवार की दोपहर एक युवक का शव बरामद किया गया है। शव नंगा और पूरी तरह फुला हुआ था। जगह-जगह का चमड़ा भी उखड़ा हुआ था। युवक की पहचान नहीं हो सकी। हालांकि उसकी उम्र 25 वर्ष आंकी जा रही है। उसकी डूबने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। इधर, शव मिलने से गांव में अफरा-तफरी मच गयी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस शव की पहचान और मौत के कारणों की छानबीन में जुट गई है। पुलिस के अनुसार युवक की मौत पानी में डूबने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौका कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।

### युवक की मौत, ठंड लगने की आशंका

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समीप गुरुवार के दोपहर एक युवक का शव बरामद किया गया। युवक की उम्र 35 वर्ष बताई जा रही है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस के अनुसार युवक की मौत ठंड लगने के कारण फोन प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस शव की पहचान करने में जुट गई है।

## औरंगाबाद जिले की पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, लंबे समय से थी तलाश

# 25 हजार रुपए का इनामी जिले का टॉप 10 कुख्यात अपराधी गुल्ली गिरफ्तार

- लूट एवं डकैती सहित अन्य कांडो में नामजद अभियुक्त की पुलिस लंबे समय से कर रही थी तलाश
- गिरफ्तारी को लेकर एक विशेष टीम का किया गया था गठन

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**




औरंगाबाद जिले की पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। जिले के टॉप टेन कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया गया है जिस पर बीते दिनों बिहार सरकार ने 25000 रूपए नगद इनाम की घोषणा की थी। इसके पास से दो कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया गया है। यह लूट एवं डकैती सहित अन्य कांडो में नामजद अभियुक्त हैं जिसे पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। पकड़े गए आरोपित की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी गुल्ली चौहान उर्फ सुदीन नोनिया के रूप में हुई है। यह कार्रवाई पुलिस अधिक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खान के नेतृत्व में थाना थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा एवं पुलिस अवर निरीक्षक गोपाल समेत अन्य पुलिस बलों के द्वारा की गई।

प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए पुलिस अधिक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित ज़िले के टॉप 10 कुख्यात अपराधियों की सूची में शामिल था जिसके विरूद्ध मदनपुर थाना में लूट और डकैती सहित शराब के 10 अपराधिक मामला दर्ज हैं। यह पिछले काफी दिनों से मामले में फरार चल रहा था जिसको लेकर बिहार सरकार ने 25000 रुपए इनाम की घोषणा की थी। इसकी गिरफ्तारी को लेकर एक विशेष टीम का गठन किया गया था जिसमें मानवीय एवं तकनीकी सूचना संकलन करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने कई अहम जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया आरोपित बड़े पैमाने पर कई बार स्प्रिट के कारोबार को अंजाम दे चुका है। जबकि हर बार किसी न किसी तरह बच निकलता था। इसी क्रम में पकड़ा गया। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

## इस वर्ष दर्ज 85 में से 50 पॉक्सों कांडो का निष्पादन

**औरंगाबाद।** गुरूवार को पुलिस अधिक्षक कार्यालय स्थित सिविल कोर्ट के पॉक्सों से संबधित स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने वार्षिक अपराधों का विवरण पुलिस अधिक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम को सौंपा है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि इस वर्ष पुरे जिले में 85 मामले दर्ज हुऐ है जिसमें 50 वादों का निष्पादन किया गया है। 11 कांडों में 15 लोगों को सजा सुनाई गई है, वर्तमान में कुल 378 कांड लंबित है। अभियोजन साक्षी हेतु 174 वाद बहस पर, 23 वाद आरोप पत्र पर एवं 24 वाद आरोप गठन पर है। अधिकांश वादों की सुनवाई तेजी से हो रहा है, उम्मीद है कि अगले वर्ष दुगना से अधिक वाद निष्पादित होंगे। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि हाईकोर्ट पटना ने व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज सम्पूणानंद तिवारी, पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश एडीजे मितु सिंह एवं एडीजे तीन प्रणव शंकर का व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद से तबादला कर दिया है जिनकी विदाई समारोह जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में 02.01.24 को आयोजित किया जाएगा।

## सात लोग बिजली चोरी करते धराए

**जहानाबाद।** बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ विभाग का जिले भर में छापेमारी अभियान जारी है। गठित छापेमारी दल ने सात लोगों को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया है। विधुत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि ओकरी, धोबड़ी, आदि गांवों में मीटर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली चोरी करते हुए सात लोगों को पकड़ा गया। इनमें मोती साव पर 27682, आशीष रंजन पर 99938, मीना देवी पर 8927, संतोष पासवान पर 10080 मनीष मिस्त्री पर 28513 जयकांत शर्मा पर 30845 एवं रामरतन यादव पर 34412 रुपए का जुर्माना लगाते हुए संबंधित थाना में प्राथिमिकी दर्ज कराई गई है।






## जहानाबाद में ठंड लगने से एसआई की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

अरवल जिले के वंशी प्रखंड अंतर्गत बखोरी बिगहा निवासी अवर निरीक्षक ललन कुमार यादव की मौत ठंड लगने के कारण हो गई । वे नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना में कार्यरत थे। गुरुवार की सुबह अपनी मोटरसाइकिल से पैतृक गांव बाखोरी बिगहा आ रहे थे। जहानाबाद काको मोड़ के पास अत्यधिक ठंड महसूस करने पर मोटरसाइकिल को सड़क किनारे खड़ी करने लगे। इस बीच अचानक जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए। आसपास के लोगों ने आनन फानन में स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक ने मौत का कारण ठंड बताया। उनका भतीजा पीयूष कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा के लिए भेजा जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवारज अस्पताल पहुंचे और दहाड़ मारकर रोने लगे।

## पिकअप पलटी, घायलों का चावल चुराते चार चोर धराए

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

औरंगाबाद जिले से एक अजीबों-गरीब मामला सामने आया है जिसमें सड़क दुर्घटना में घायल मजदूरों को बचाने और इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के बजाय उनका अनाज चोरी करते चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इनके पास से 5 क्विंटल 50 किलोग्राम चावल और 1 पल्सर बाइक बरामद किया गया है। मामला अंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदता गांव के समीप एनएच - 19 की हैं। जहां 1 पिकअप वाहन अंबा से हरिहरगंज की तरफ जा रही थी , जो उस जगह अनियंत्रित होकर पलट गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस दौरान पिकअप पर 12 मजदूर सवार थें जिसमें चार लोगों का हाथ टूट गया और अन्य लोगों को मामूली चोटें आई है जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से घायल लोगों को रेफरल अस्पताल कुटुंबा में प्राथमिक उपचार कराया गया। इसी क्रम में सड़क पर पड़े मजदूरों के चावल चोरी करते चार आरोपित रंगे हाथ पकड़े गए जिनकी पहचान एरका गांव निवासी मुकेश कुमार, राजू कुमार, तेलहारा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार एवं ढूंढा गांव निवासी सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। वहीं सभी घायल व्यक्ति झारखंड के लातेहार के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार सभी मजदुर बारुण थाना क्षेत्र के टेंगरा अंतर्गत जानकी बिगहा में धान काटने गए थे। जहां से काटनी कर घर वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में उस जगह यह हादसा हो गई। इधर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायल मजदूर घर चलें गए। जबकि पकड़े गए आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

## जन समाधान कार्यक्रम में लोगों की सुनी गई समस्याएं

**औरंगाबाद।** जन समाधान शिविर देव प्रखंड के बरंडा रामपुर के ग्राम पचमो में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय के मैदान में ज़िला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में अयोजित किया गया। जहां लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया गया। वहीं इस जन समाधान कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु सभी विभागों द्वारा कार्यान्वित योजनाओं का स्टॉल लगाया जाएगा। इस जन समाधान कार्यक्रम में औरंगाबाद जिले की आम जनता को आमंत्रित किया जाता है।

## बीपीएससी की परीक्षा में रंजन ने दूसरी बार लहराया परचम



**औरंगाबाद।** गोह मुख्यालय के रहने वाले कृष्णा प्रसाद के पुत्र रंजन कुमार ने एक बार फिर से बीपीएससी शिक्षक भर्ती टीआरई-2 की हाई स्कूल (11-12) परीक्षा में सफलता हासिल कर प्रखंड के साथ- साथ अपने जिले का नाम रौशन किया है।इससे पूर्व बीपीएससी टीआरई 1 की परीक्षा में भी रंजन कुमार ने सफलता का परचम लहराया था। रंजन कुमार की इस सफलता पर शिक्षक सुधीर कुमार शिक्षक, केबी सहाय ,सुनील प्रजापति, रंजीत कुमार सिंह, धनंजय कुमार सहित कई शिक्षकों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं घर में खुशी का माहौल है। माता देवंती देवी ने अपने बेटे की इस सफलता पर पड़ोस के सभी लोगों को मिठाइयां खिलाई।

## गोह दाउदनगर पथ पर अनियंत्रित होकर पलटी ऑटो, दो लोग गंभीर रूप से घायल

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

गोह दाउदनगर पथ पर बहुरिया बर्मा मोड़ के समीप अचानक एक ऑटो पलट गई जिसमें बैठे एक महिला समेत तीन लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोगो की मदद से तीनों को समुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां दो की हालत को गम्भीर देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया है।

बताया जाता है कि नेयामतपुर गांव निवासी बलिराम यादव,निखिल कुमार एवम संगीता देवी एक ऑटो पर सवार होकर गोह बाजार आ रहे थे। जैसे ही बहुरिया बर्मा मोड़ के समीप पहुचे की अचानक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो पलटते ही चालक फरार हो गया। इस घटना में ऑटो पर बैठे तीनो लोग जख्मी हो गए। तीनो को अस्पताल



ले जाया गया। जहां के चिकित्सकों ने प्रारंभिक इलाज के बाद बलिराम यादव व निखिल कुमार की स्थिति को गम्भीर देखते हुए गया रेफर कर दिया गया हैं।

इधर गोह बीआरसी अकाउंटेंड अमरेन्द्र कुमार अपने बाइक से गोह बीआरसी आ रहे थे। जैसे ही जाजापुर के समीप पहुचे की पीछे से अज्ञात बाइक ने ठोकर मारकर भाग गया। जिसमें अमरेन्द्र कुमार जख्मी हो गए।स्थानीय लोगो की मदद से उन्हें अस्पताल पहुचाया गया जहां इलाज जारी है।




# जिले का टॉप टेन अपराधी कुख्यात मदन बक्सर से सोनार गिरफ्तार

- - बड़का सिंहनपुरा पीएनबी बैंक, सोनवर्षा लूट कांड व नगर थाने में सोना लूटकांड में स्वीकारी संलिप्तता
- शाहाबाद का टॉप मोस्ट लुटेरा है मदन सोनार, बक्सर में 20 समेत लूट के 23 मामले हैं दर्ज



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने जिले के टॉप टेन अपराधियों में शामिल तथा शाहाबाद रेंज के सबसे बड़े लूटेरा मदन सोनार को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी बुधवार की मध्य रात्रि बक्सर के ज्योति चौक इलाके से हुई है। गुरूवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया कि उसने 20 सितंबर को सिमरी थाना क्षेत्र के बड़का सिंहनपुरा गांव स्थित पीएनबी बैंक से हुए 19.47 लाख की लूट के अलावे सोनवर्षा लूट व बक्सर नगर थाना क्षेत्र में सोना लूट मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। वही उस पर बक्सर जिले के विभिन्न थानों में लूट के 20, यूपी के गाजीपुर में दो तथा रोहतास जिले में एक समेत कुल 23 मामले दर्ज है। उसकी गिरफ्तारी डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, बक्सर सदर एसडीपीओ धीरज कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने की है। खासकर डुमरांव एसडीपीओ का बड़ा योगदान रहा है। उसने पीएनबी लूटकांड में शामिल अन्य लूटेरों के नाम भी बताए है। जिनमें अरबिंद राम व छोटू पहले से ही जेल में है जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने प्रयास तेज कर दिए है। प्रेस वार्ता के दौरान डुमरांव व बक्सर सदर एसडीपीओ भी मौजूद थे।

### शातिर दिमागी है मदन सोनार

बता दें कि वह मूलरूप से कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बड़का दीया गांव का रहने वाला है तथा पिछले दो दशक से लूट खसोट में सक्रिय था। बताया जाता है कि वह बड़ा शातिर दिमाग है तथा जल्दी पुलिस के हाथ नहीं लगता है। वह जब भी जेल से बाहर आता था तो तुरंत एक नया गिरोह बना लूट की किसी बड़ी घटना को अंजाम देता था। वह अक्सर अपने गिरोह में नये लड़को को शामिल कर उनसे लूट की घटनाओं का अंजाम दिलवाता है। एसपी ने उसकी गिरफ्तारी को पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी बताया है।

## एक नजर

### बीडीओ ने किया विद्यालय का निरीक्षण, दिए निर्देश



**केसठ।** जिले में शिक्षा विभाग के अपर सचिव के पाठक के निर्देश के बाद विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था के सुधार में अधिकारी कर्मी निरंतर लगे हुए हैं। लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही बयां कर रही है। गुरूवार को केसठ बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने मध्य विद्यालय कतिकनार का निरीक्षण किया। इस दौरान कई खामियां नजर आई। बच्चों की उपस्थिति तथा पंजी में दर्ज उपस्थिति में अंतर पाया गया। वही बच्चें अर्ध निर्मित जर्जर भवन में बैठ पढ़ाई करते पाए गए। वही विद्यालय के साफ सफाई समुचित ढंग से नहीं किया गया था। जिस पर बीडीओ ने शिक्षकों व प्रधानाध्यापक को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। साथ ही गुणवतापूर्ण शिक्षा के सूचक बिंदुओ पर बच्चो को शिक्षा देने का निर्देश दिया गया। इस संदर्भ में बीडीओ ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा शिक्षकों के समय से नहीं आने की शिकायत पर जांच किया गया। जहां खामियां मिली उसे ठीक करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि उपस्थिति पंजी में कुल 96 बच्चों का उपस्थिति दर्ज की गई थी लेकिन जांच के दौरान कुल 60 बच्चे ही मिले। 36 बच्चे के संदर्भ में पूछने पर एचएम ने चुप्पी साध ली। बता दें कि 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का वेतन भी रोका जा रहा है। माना जा रहा है कि इस कारण भी उपस्थिति पंजी पर अधिक उपस्थिति दिखाई जा रही है। बीडीओ ने शिक्षकों व प्रधानाध्यापक को अविलंब कार्यसंस्कृति में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया।

### मठिला में प्रशासन ने सुलझाया दो समुदायों का विवाद, मौजूद रहे एसडीओ व सीओ



**डुमरांव।** गुरूवार को कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव में कब्रिस्तान की घेराबंदी के दौरान दो समुदायों के बीच टकराव की नौबत आ गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल एसडीओ कुमार पंकज व सीओ अंकिता सिंह सदल बल मौके पर पहुंचे तथा दोनों पक्षों के बुद्धिजीवियों तथा सामाजिक कार्यकताओं के साथ बैठक कर इस विवाद को सुलझाया। इस दौरान दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से इस विवाद का पटाक्षेप किया तथा भविष्य में विवाद नहीं करने का संकल्प लिया। खास यह कि बैठक के बाद दोनों पक्ष खुश नजर आ रहे थे तथा एसडीओ व सीओ के सुझबूझ की तारीफ कर रहे थे। वही दूसरी तरफ इसी गांव के एक सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त भी कराया गया। सीओ अंकिता ने बताया कि परिवादी आसिफ अली ने द्वितीय अपीलीय प्राधिकार सह बक्सर डीएम के पास परिवाद दायर कर बताया था कि गांव के ही रौशन खां व आबिद अली ने सरकारी जमीन पर जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। परिवादी ने बताया कि यह जमीन लोक श्रेणी में आता है तथा अतिक्रमणकारियों ने इस पर शौचालय बनवा अतिक्रमण किया है। इस मामले में अंचल प्रशासन ने जांच में भी शिकायत को सही पाया था तथा अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमा उन्हें अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। लेकिन निर्धारित तिथि तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर गुरूवार को प्रशासन की टीम ने जेसीबी के सहारे अवैध निर्माण को तोड़ उक्त जगह को अतिक्रमणमुक्त कराया। इस दौरान कोरानसराय थाने की पुलिस टीम भी मौजूद थी।

## खबरें फटाफट

### विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, आठ पर केस दर्ज

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के नाजीरगंज गांव में आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में दोनों पक्षों ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट किये जाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। घटना को लेकर एक पक्ष के अरविंद यादव ने अपने आवेदन में बताया है कि मैं खलिहान से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते मे कमलेश सिंह, दयाशंकर सिंह, अजित सिंह, मुखिया कुमार और लालबाबू सिंह ने मेरे ऊपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया और जेब में रखे गये तीन हजार रुपये नगद छीन लिये। शोरगुल सुनकर जब मेरा बेटा पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गयी। वहीं दूसरी ओर लालबाबू सिंह ने अपने आवेदन में बताया है कि मैं धान लेकर ट्रैक्टर से आ रहा था। इसी दौरान गाली-गलौज करते हुए अरविंद सिंह, गोलू सिंह और जहेन्द्र सिंह लाठी-डंडे और लोहे के रड से मेरे ऊपर हमला कर दिया। जब मैं जख्मी होकर गिर पड़ा तो 5500 नगद रुपये निकालकर चलते बने। हो-हल्ला सुनकर गांव के लोग पहुंचे और किसी तरह स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया।

### निमार्णाधीन मकान की दीवार जेसीबी से तोड़ा, एफआईआर

**डुमरांव।** बुधवार की मध्य रात्रि अनुमंडल कार्यालय के समीप एक निमार्णाधीन मकान की बाउंड्री को तोड़े जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित गृह स्वामी राजगढ़ निवासी सिंधू राज के पिता श्यामजी प्रसाद ने डुमरांव थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ जेसीबी से निमार्णाधीन मकान का दीवार तोड़ने के आरोप में मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार सिंधू अनुमंडल कार्यालय के समीप अपना मकान बनवा रहा है। बुधवार की रात 12 से 2 बजे के बीच चार-पांच अज्ञात लोग जेसीबी लेकर गए तथा उसके निमार्णाधीन मकान की करीब 40 फीट लंबी दीवार को गिरा दिए। सिंधू का एक मजदूर रखवाली के लिए वही पर सोता है। उसी ने आकर गृह स्वामी को इस घटना की सूचना दी। तब गृह स्वामी पुलिस बल को लेकर घटना स्थल पर पहुंचे।

## राजेश साह हत्याकांडः मां के कहने पर राशन लाने पर शुरू हुआ था विवाद

# पत्नी ने सो रहे पति की गला दबाकर की थी हत्या, बहन के घर आने पर खुला राज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय थाना क्षेत्र के लहना गांव निवासी 22 वर्षीय राजेश साह की हत्या एक मामूली बात पर हुए विवाद में उसकी पत्नी ने कर दी। परिजनों की मानें तो उसकी मां शैल देवी ने बुधवार को उससे पीडीएस दुकान से राशन मंगवाया था। इसी बात पर पति और पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। इधर राशन लाने के बाद राजेश अपने कमरे में सोने चला गया था। जबकि उसकी मां शैल देवी, पिता रास बिहारी साह, छोटा भाई गुड्डु खेत में मजदूरी करने चले गए। वहीं उसकी मझली भाभी दवा लाने बक्सर जा रही थी। उसे गांव से बाहर तक छोड़ने छोटी बहन ज्योति गई थी। घटना के वक्त राजेश अपने कमरे में सो रहा था तथा घर में पति पत्नी के अलावे कोई और नहीं था। इसी दौरान अचानक उसकी पत्नी सोनी उसके छाती पर बैठ दोनों हाथों से उसका गला दबा मौत के घाट उतार दी।

थोड़ी देर बाद जब उसकी बहन ज्योति आई तो सोनी ने ही कहा कि तुम्हारा भाई फांसी लगा लिया है। तब ज्योति ने शोरगुल कर पड़ोसियों तथा बधार में मजदूरी कर रहे अपने माता पिता तथा एक अन्य भाई को इस घटना की सूचना दी। मौके पर जुटे लोगों ने उसे पलंग से उतार इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले गए जहां डॉक्टर ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हत्यारिन पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में मृतक के पिता ने अपने बहु के खिलाफ हत्या का एफआईआर दर्ज कराया है।





### राजेश को मौत खींच लाई थी घर, बाहर रहकर करता था मजदूरी

बता दें कि राजेश घर से बाहर रह मजदूरी करता था। वह एक सप्ताह बाद बुधवार को ही घर आया था। इसी बीच मामूली विवाद में पत्नी ने उसकी हत्या कर दी। इस घटना के बाद ग्रामीणों का कहना था कि उसे मौत खींच लाई थी। वही इस घटना के बाद रास बिहारी का परिवार दूसरे दिन भी सामान्य नहीं हो पाया था। उसका अंतिम संस्कार के बाद भी घर में महिलाओं के क्रंदन चित्कार की आवाज पूरे दिन आते रही। जबकि दरवाजे पर मातमपूर्सी के लिए ग्रामीणों तथा रिश्तेदारों की भीड़ उमड़ी थी। पूर्व जिप सदस्य धन बिहारी पासवान समेत दर्जनों लोग उसके दरवाजे पर सांत्वना देते दिखाई पड़ रहे थे।

**इसी वर्ष 28 फरवरी को हुई थी शादी:** मिली जानकारी के अनुसार राजेश की शादी इसी वर्ष 28 फरवरी को दिनारा थाना क्षेत्र के चौबे के परसिया गांव निवासी हरिशंकर साह की बेटी सोनी से हुआ था। ससुराल आने के बाद से ही सोनी अपने पति तथा ससुराल वालों से झगड़ा करने लगी थी। उसके झगड़े से तंग आ ससुराल वालों ने राजेश को अलग भी कर दिया था। राजेश चार भाईयों में तीसरे नंबर पर था। बड़े भाई अनिल तथा सुनील राजकोट में प्राइवेट नौकरी करते है। जबकि छोटा भाई गुड्डु अपने माता पिता के साथ रहता है।

**बेहद गरीब परिवार से था मृतक, पुलिस ने दिया कफन का पैसा:** बताया जाता है कि मृतक काफी गरीब परिवार से था। उसके माता पिता समेत सभी भाई मजदूरी कर गुजारा करते है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि राजेश की मौत के बाद परिवार वालों के पास कफन का पैसा भी नहीं था। पुलिस ने उन्हें कफन के लिए अपने पास से पैसे दिए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि रास बिहारी का परिवार बेहद गरीब है।

### अप्रैल में होनी थी बहन की शादी

मृतक के इकलौती बहन ज्योति की शादी तय हो गई थ। उसकी शादी सिमरी प्रखंड के गंगौली गांव में तय की गई थी। 24 अप्रैल को तिलक तथा 26 अप्रैल को शादी की तिथि मुकर्रर हुई थी। परिवार के लोग इस शादी की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच यह मनहूस घटना हुई।

**पुलिस को बरगलाने में नाकाम हुई सोनी:** बुधवार को जैसे ही सोनी को महिला पुलिस ने पकड़ा तो उसने हत्या करने से इंकार करते हुए कहा कि उसके पति ने फांसी लगा लिया है। जबकि उसके कमरे में कोई ऐसा साक्ष्य नहीं मिला, जिससे फांसी की बात समझ में आए। जिस कमरे में यह वारदात हुई थी उसकी उंचाई मात्र 9 फीट है। वही पलंग दो फीट उंचा था जबकि पंखा भी कुंडी से दो से ढाई फीट नीचे लटक रहा था। घर में एक सेलिंग फैन के अलावे कोई ऐसी चीज मौजूद नहीं थी, जिसके सहारे फांसी लगाया जा सके।

**क्या कहते है थानाध्यक्ष:** मृतक की पत्नी ने ही गला दबा उसकी हत्या की है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक के गले पर काला निशान मिला है। वैसे कई बिंदुओं पर सूक्ष्मता से जांच कर रही है। - **अभय सिंह, थानाध्यक्ष, कोरानसराय**

## केशोपुर पंचायत उपचुनाव में 46.26 प्रतिशत मतदान

**केटी न्यूज/सिमरी**

गुरूवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सिमरी प्रखंड के केशोपुर पंचायत के रिक्त हुए पदों का उप चुनाव संपन्न हुआ। शाम तक चले मतदान में कुल 46.26 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। इस दौरान कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। इसके पूर्व गुरुवार की सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच प्रखंड के बीडीसी एवं पंच पद के लिए बने मतदान केन्द्रों पर मतदान शुरू हुआ। इस उप चुनाव को लेकर मतदाताओं में कोई खास उत्साह नहीं दिखा दरअसल केशोपुर पंचायत के पंचायत समिति के सदस्य पद के लिए हो रहे उप चुनाव में मतदाताओं के बीच कुछ खास उत्साह नहीं दिखाई पड़ा

मतदान केंद्र पर दस बजे तक खाली-खाली देखे गये। दोपहर समय केन्द्र पर मतदान में तेजी आयी। शाम तक चले मतदान के दौरान 46.26 प्रतिशत प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार शाम पांच बजे तक कुल मतदाता 3580 मतदाताओं में पुरुष मतदाता 1877, महिला मतदाता 1703 है। जिसमें 891 पुरूष एवं 765 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। पुरुष मतदाता का प्रतिशत 47.47 प्रतिशत व महिला मतदाता का प्रतिशत 44.92 प्रतिशत था। मतदान के दौरान डीएम अंशुल अग्रवाल समेत तमाम वरीय पदाधिकारियों ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उक्त चुनाव को लेकर सशस्त्र बल के साथ दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये थे। इस संबंध में प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी शशिकांत शर्मा ने बताया कि चुनाव अपने निर्धारित समय से शुरू हो गया तथा इस दौरान कहीं से भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई गौरतलब हो कि केशोपुर पंचायत उप चुनाव के विगत एक महिने से जारी गहमागहमी का परीक्षा फल आखिर मतपेटी में गुरुवार की शाम जनता ने बंद कर दिया हैं और प्रत्याशियों का किस्मत मतपेटी में बंद हो गया है।



### सड़क किनारे खड़े ट्रकों की एसडीओ व सीओ ने किया जांच

**डुमरांव।** डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज व सीओ अंकिता सिंह की नजर टेढ़की पुल के पास एनएच 120 के किनारे खड़े करीब आधा दर्जन से अधिक ट्रकों पर की जांच पड़ताल की। ट्रकों पर बालू लदा था। एसडीओ व सीओ ने वाहनों के कागजात, उनकी लोड क्षमता आदि की पड़ताल की। वही ट्रक चालकों को एनएच जैसी सड़क को वाहन पॉर्किंग नहीं बनाने का निर्देश दिया। एसडीओ की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया था। बता दें कि शहर में नो एंट्री से बचने के लिए ट्रक चालक पूरे दिन टेढ़की पुल से कोरानसराय तक सड़क किनारे अपनी वाहन खड़ी करते है। वही एनएच 922 पर भी कई जगहों पर ट्रकों की अवैध पॉर्किंग होती है। जिससे दुर्घटना की आशंक बनी रहती है।




## डुमरांव पहुंची मोदी की गारंटी वाली गाड़ी, दी गई केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी

# जनता को पसंद आ रही मोदी की गारंटी: अश्विनी चौबे

**केटी न्यूज/डुमरांव**

गुरूवार को डुमरांव के छठिया पोखरा के पास मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंची। जिसका भाजपा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में आम लोगों ने भव्य स्वागत किया। मोदी के गारंटी वाली गाड़ी के साथ चल रहे विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लाभार्थियों को केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा कल्याणकारी योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। मौके पर उपस्थित बक्सर सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह तथा लोकसभा के संयोजक राजवंश सिंह ने लाभार्थियों के साथ केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यों और उपलब्धियों पर संवाद किया एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ शहर वासियों को ऑन स्पाट दिलवाया।



इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव-गांव व शहर-शहर खुशहाली ला रही है तथा यह लोगों को खूब भा रही है। उन्होंने कहा कि जहां दूसरों से उम्मीदें समाप्त होती हैं, वहीं से मोदी की गारंटी शुरू होती है। श्री चौबे ने डुमरांव में बन रहे मेडिकल कॉलेज अस्पताल, बक्सर पटना फोर लेन सड़क, बिजली उत्पादन केंद्र सहित प्रधानमंत्री द्वारा संचालित आयुष्मान कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि योजना सहित सैकड़ो योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि 2024 में एक बार फिर से मोदी के नेतृत्व में एनडीए का कमल खिलेगा तथा पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। मौके पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 10 लाभुकों को मुफ्त गैस सिलेंडर व चूल्हा का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष चुनमुन वर्मा ने एवं संचालन युवा मोर्चा के प्रदेश सहसंयोजक दीपक यादव ने किया। मौके पर सोनू राय, राजू केशरी, नीरज सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, विजय कुमार, पवन बजाज, धनंजय पांडेय, पवन जायसवाल, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, राहुल दूबे, विकास कायस्थ समेत अन्य उपस्थित थे।



# राज्यसभा सांसद नीरज बोले... श्रीअन्न का भी बलिया ही करेगा नेतृत्व

♦ श्रीअन्न उत्पादन से होगा भौतिक एवं वित्तीय लाभ

**केटी न्यूज/बलिया**



उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूवार को कृषि भवन के प्रांगण में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नीरज शेखर शामिल हुए। उप कृषि निदेशक द्वारा कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम और माल्यार्पण के साथ स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। किसानों को संबोधित करते हुए नीरज नीरज शेखर के द्वारा मिलेट्स की फसलों के फायदे एवं उसके उत्पादन विपणन आदि विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। श्रीअन्न उत्पादन पर होने वाले भौतिक एवं वित्तीय लाभों के संबंध में जनपद के किसानों को राज्यसभा सांसद द्वारा अवगत कराया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र सोहांव से आए हुए कृषि वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक सिंह व डॉ. अनिल पाल ने किसान बंधुओं को योजना के अंतर्गत आने वाले समस्त फसलों के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसका किसान बंधुओ ने बड़े ही ध्यान से अनुश्रवण किया। भूमि परीक्षण प्रयोगशाला अध्यक्ष अजय बाबू सिंह ने मृदा परीक्षण तथा पोषक तत्वों के फसलों पर प्रभाव विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आपार संभावना है बस उसे समझने और उस पर अमल करने की जरूरत है। वर्तमान समय में कृषि पर कई तरह के अनुसंधान हो रहे है। उसमें लगातार सफलताएं मिल रही है। यह भी देखने को मिल रहा है कि कई युवा इस क्षेत्र में अपनी अच्छी नौकरियों को छोड़कर आ रहे है और बेहतर पैसा कमा रहे है। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि इसमें आगे बढ़े।

वेद प्रकाश सिंह सहायक कृषि विकास अधिकारी ने पीएम किसान योजना और विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में किसान बंधुओं से विस्तृत चर्चा की तथा वरिष्ठ प्राविधिक सहायक रंजन चौबे जी ने अपने उद्बोधन में किसान बधुओं को बीज उत्पादन तथा कम लागत में अधिक उत्पादन करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है जब वैज्ञानिक तौर पर खेती की जाए।

उसके गुर को सीखा जाए। आने वाले समय में जैविक खेती का समय होगा। जैविक खेती से आम जनता रसायनिक पदार्थों से बचेगी। जिससे कई तरह के रोग होने की संभावना इस अवसर पर सर्व श्री मानवेंद्र विक्रम सिंह जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राकेश सिंह, टिंकू, धर्मवीर सिंह, सिद्धार्थ सिंह, गोलू, उपेंद्र सिंह, ऋषि कुमार सिंह, सुधीर सिंह एवं वीरेंद्र सिंह आदि विशिष्टजन तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारीगण के साथ दूर.दराज से आए हुए जनपद के सैकड़ों किसान बंधु उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 13 उप निरीक्षकों का हुआ तबादला

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने 13 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस अधीक्षक ने जनहित व प्रशासनिक हित में स्थानांतरित उप निरीक्षकों का तत्काल तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है। उप निरीक्षक जीवनलाल गुप्ता को शहर कोतवाली से एएचटीयू, उप निरीक्षक रामलाल राम को सुखपुरा थाना से शहर कोतवाली, उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह को नगरा से थाना बैरिया, उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह को रसड़ा से थाना सुखपुरा, उप निरीक्षक शिववचन को थाना नगरा से थाना गड़वार, उप निरीक्षक बलजीत प्रसाद को थाना मनियर से थाना पकड़ी, उप निरीक्षक राजेश कुमार राय को कोतवाली से थाना मनियर, उप निरीक्षक श्यामजी सिंह यादव को थाना कोतवाली से थाना नगरा, उप निरीक्षक राकेश सिंह को थाना गड़वार से थाना रसड़ा, उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह को थाना पकड़ी से थाना कोतवाली, उप निरीक्षक दिलीप कुमार राय को बैरिया से थाना चितबड़ागांव, उप निरीक्षक इंद्रासन यादव को पुलिस लाइन से थाना उंभाव, उप निरीक्षक केशव प्रसाद सिंह को पुलिस लाइन से थाना बैरिया भेजा गया।

### दो बंदियों के पास मिले मोबाइल, मुकदमा दर्ज

**बलिया।** जिला कारागार में दो बंदियों के पास मिले मोबाइल के मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को दो बंदियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के साथ छानबीन में जुट गई है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीते 26 दिसंबर को बैरक नंबर चार में निरूद्ध विचारधीन बंदियों की तलाशी के दौरान बंदी नरेंद्र व सुनील के बिस्तर की तलाशी लेने पर दो मोबाइल मिले। बंदी सुनील न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार 24 सितंबर को जिला कारागार बलिया में विचाराधीन बंदी के रूप में निरूद्ध है। जबकि विचाराधीन बंदी नरेंद्र रसड़ा थाने के वाद में न्यायालय के आदेशानुसार बीते तीन जुलाई से विचाराधीन बंदी के रूप में जिला कारागार बलिया में निरूद्ध है। शहर कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि जेलर राजेंद्र सिंह की तहरीर पर दो बंदियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

### गरीबों का खेवनहार है कांग्रेस: देवनारायण

**गाजीपुर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी जखनियां कार्यालय में कांग्रेस के स्थापना दिवस पर बृहस्पतिवार को बैठक का आयोजन किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष देवनारायण सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 28 दिसंबर 1885 के दिन नागपुर में स्थापना होने के बाद से कांग्रेस के विचारों एवं उसके द्वारा देशभर में आयोजित किए गए। अंग्रेजों के खदेड़ने के बाद कांग्रेस की सरकार ने देश में नई क्रांति लाई, लोगों को तकनीकी, आर्थिक मजबूती दिलाई थी। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष देवनारायण सिंह, जिला सचिव बृजेश कुमार गौतम, मीडिया प्रभारी सवानंद चौबे, न्याय पंचायत अध्यक्ष मोहन राजभर, देवचंद राम, न्याय पंचायत अध्यक्ष अरुण लाल एवं न्याय पंचायत अध्यक्ष अमित पांडेय, सत्यम ,अच्छे लाल कनौजिया, भोला, मिट्ठू कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

### चंद्रभानपुर में कंपनियां लगाएं स्टॉल: गुप्ता

**मऊ।** जिला उद्यान अधिकारी संदीप गुप्ता ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा किसानों को नवीन कृषि पद्धतियों की जानकारी के साथ-साथ राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु नई पहल की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के 300 किसानों को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत 18 दिसंबर से कृषि विज्ञान केंद्र, मऊ पर प्रशिक्षण प्रदान प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है । प्रशिक्षण में भाग ले रहे किसानों को योजना के अंतर्गत संकर टमाटर, संकर मिर्च, संकर कद्दूवर्गीय एवं प्याज के खेती कार्यक्रम में बीस हजार प्रति हेक्टेयर की सीमा अंतर्गत निवेश के रूप में बीज उपलब्ध कराने हेतु 30 दिसंबर 2023 को राजकीय अलंकृत उद्यान चंद्रभानपुर में शासन से अनुमोदित कंपनियां के स्टाल लगाकर निवेश उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करने, फील्ड भ्रमण करने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र पिलखी मऊ के प्रभारी अधिकारी वैज्ञानिक डॉ. विनय कुमार सिंह एवं उद्यान निरीक्षक अरुण कुमार यादव द्वारा दैनिक आधार पर 25-25 किसानों के दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र को संचालित किया जा रहा है।

### अवैध हॉस्पिटलों पर छापेमारी, आधा दर्जन सील

**चंदौली।** क्षेत्र के अवैध हॉस्पिटलों की जांच के लिए गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान आधा दर्जन हॉस्पिटलों की जांच कर कागजात व व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जहां कुछ को चेतावनी तो एक को बगैर रजिस्ट्रेशन व डॉक्टर के संचालित होने के कारण सील कर दिया। एडिशनल सीएमओ डॉ. आरबी शरण व सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजय यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम कस्बा स्थित शिवांश चाइल्ड केयर,शिवम हास्पिटल,डॉ. सरकार हास्पिटल व चहनियां के सारनाथ हास्पिटल व राहत क्लिनिक पर छापेमारी कर रजिस्ट्रेशन व डॉक्टर की जांच की। जिसमे डॉ. सरकार के यहां न तो चिकित्सक पाए गए न ही हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन मिला। जिसपर टीम ने डॉ. सरकार हास्पिटल को सील कर दिया। वहीं कुछ हॉस्पिटलों पर आयुर्वेदिक का रजिस्ट्रेशन करा कर अंग्रेजी दवा रखने पर चेतावनी देते हुए रजिस्ट्रेशन कराने को निर्देशित किया गया।

### अहाते से पांच सौ लीटर डीजल, पेट्रोल बरामद

**चंदौली।** थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव के समीप एक अहाते में आबकारी व पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर लगभग 500 लीटर डीजल व पेट्रोल बरामद कर कार्रवाई में जुट गई। अलीनगर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव के समीप बसंतु की मड़ई जाने वाली मार्ग पर एक अहाते में टैंकरों से तेल चोरी का खेल चल रहा था। इसी दौरान आबकारी विभाग को सूचना मिली कि इसमें शराब बनाने का भी काम जोरों पर चल रहा है। इसको लेकर गुरुवार को मुगलसराय आबकारी इंस्पेक्टर जेपी पांडेय व अलीनगर एसओ शेषधर पांडेय के नेतृत्व में छापेमारी की गई। लगभग 500 लीटर डीजल व पेट्रोल के अलावा तेल निकालने वाला उपकरण बरामद कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में पूछे जाने एसओ शेषधर पांडेय ने बताया कि सप्लाई विभाग को माप तौल के लिए बुलाया गया है। इसके उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें फटाफट

### संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी की मौत

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के पिपरा माफी गांव में गुरुवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पिपरा माफी निवासी हीना उम्र 13 गुरुवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर में अचेता अवस्था में मिली। आनन—फानन में परिजनों ने हीना को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शहर कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

### पिकअप-स्कूल वैन की टक्कर, चार घायल

**कमालपुर (चंदौली)।** कस्बा क्षेत्र के बभनियांव गांव के पास घने कोहरे के कारण आमने सामने लगेज वाहन व स्कूली वाहन में हुए जोरदार टक्कर में दोनों चालक सहित वैन में सवार अध्यापिकाएं घायल हो गईं। जिनका इलाज निजी चिकित्सालय में करके छोड़ दिया गया। पिकअप बभनियांव गांव के पास सकलडीहा की तरफ से आ रही बी एंड बी कॉन्वेंट स्कूल की स्टॉफ वैन घने कोहरे के कारण आपस मे टकरा गए। सिरकलपुर थाना धीना निवासी स्कूल वैन में चालक वीरेन्द्र यादव, वैन में सवार दो शिक्षिकाएं दिया वर्मा व स्वाति को हल्की चोटें आईं। साथ ही पीक अप चालक राम सिंगार को भी चोटें आईं।

### टारगेट स्पोर्टिंग क्लब ने मारी बाजी

**चंदौली।** चंद्रशेखर रुलर स्पोटर्स एकेडमी की ओर से बाबू जगदीश नारायण सिंह की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पॉलिटेक्निक के मैदान में किया जा रहा है। इसमें चंदौली पॉलिटेक्निक और टारगेट स्पोर्टिंग क्लब मुगलसराय के बीच मैच खेला गया। जहां मुगलसराय के टीम में 15 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 97 रन बन पाई।वही पॉलिटेक्निक 15 ओवर में 10 विकेट गवाकर 79 नहीं बन पाई। टारगेट रिपोर्टिंग क्लब ने 18 रनों से जीत हासिल की। इस दौरान अमित सिंह, अभिषेक, मनीष मिश्रा,मनोज कुमार, राकेश सिंह, शैलेश चौबे,राजीव कुमार, अभिषेक, डॉक्टर काशीनाथ यादव,पंकज मिश्रा उपस्थित रहे।

### दो लूटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पीडीडीयू नगर।** पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा अनिल कुमार ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अंकुश लगाने के क्रम में दिये गये निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर रामबीर सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा हमराही द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर स्कार्पियो वाहन से ग्राम फेसुड़ा तिराहे पर लूट की घटना अंजाम करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत मुकदमे में दो अभियुक्तगणों को दुधारी पुलिया ढलान पास से को लूट किये गये मालों की बरामदगी करते हुए समय गिरफ्तार किया गया।

## पशुओं को ठंड से बचाव के लिए टीकाकरण करने पर प्रशासन का प्रयास

# सर्द हवाओं के साथ पूर्वांचल में अगले तीन दिनों तक छाया रहेगा घना कोहरा

♦ जिला आपदा प्रबंधन ने ठंड, पाला और कोहरे से बचाव के लिए जारी किया गाइडलाइन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाके में ठंड के कारण तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। ऐसी स्थिति में सर्द हवाओं के चलते मौसम विभाग लखनऊ ने अगले तीन दिन घने कोहरा की संभावना व्यक्त की है। इसे देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन ने ठंड, पाला और घने कोहरे से बचाव के लिए गाइडलाइन जारी किया है।

प्रखंड विकास अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि ठंड, पाला व घने कोहरे से बचने के लिए गर्म व ऊनी स्वेटर, शाल, मफलर, टोपी आदि का प्रयोग करें। बच्चों को अच्छी तरह ढंक कर रखें। बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। रेडियो सुने, टीवी देखें, स्थानीय मौसम के पूवार्नुमान के लिये समाचार पत्र पढ़े। पीने, स्नान के लिए गुनगुने पानी का प्रयोग करें। कोहरे से बचाव के लिए वाहन धीरे चलाएं। डिफादर लगाएं एवं हेलमेट का प्रयोग करें। नारंगी रंग का चेतावनी स्टीकर लगाएं। ताकि घने कोहरे में वाहनों से उचित दूरी बने रहे। किसानों अपने कृषि कार्य दिन में ही पूरा कर लें।

पशुओं को ठंड से बचाने एवं निमोनिया, डायरिया, खुरपका व मुंहपका आदि से बचाव का टीकाकरण अवश्य लगवाएं। कहा कि फ्लू, बहती नाक या नाक से खून बहने आदि विभिन्न बीमारियां ठंड में लम्बे समय के कारण बढ़ जाती है। ऐसे लक्षणों के लिए डाक्टर की सलाह लेनी चाहिए। पर्याप्त शारीरिक तापमान का संतुलन बनाएं रखने के लिए स्वस्थ प्रोटीन युक्त आहार, गर्म पेय पदार्थ टी, काफी सूप आदि का सेवन करें।

कहा कि ठंड के दिनों में रात में बंद कमरे में अंगीठी जलाने से जहरीली गैस का बनना व दुर्घटना होने का भय रहता है। इससे रात में अंगीठी जलाकर न सोएं।

खुले आसमान के नीचे न सोएं। बच्चों को जलते हुए अलाव के पास अकेला न छोड़ें। उपयोग के बाद आग को पानी में डालकर अवश्य बुझाएं। घर में पानी गर्म करते समय बच्चों का विशेष ध्यान रखें। कोहरे में वाहन तेजी से ना चलाएं। वाहन के बीच पर्याप्त दूरी बनाकर चलें। ताकि दुर्घटना से बच सके।

## ठंड का प्रकोप बढ़ा... घर में दुबके रह रहे लोग, जनजीवन प्रभावित



**मऊ ।** इधर कई दिनों से पड़ रही गलन भरी ठंड में गरीब तबके के लोगों के लिए अलाव सहारा बना है। प्रातः से ही घना कोहरा छाया रहा। जिससे सुबह-सुबह गलन भरी ठंड ने अपना कमाल दिखाने प्रारंभ कर दिया। जिससे बचने के लिए लोग अपने-अपने घरों पर अलाव जलाकर ठंड से राहत महसूस कर रहे हैं। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में घना कोहरा प्रातः से ही देखने को मिला। सुबह लगभग 9 बजे तक कोहरा छाया रहा। इसके बाद हल्की-हल्की धूप निकलने लगी दोपहर में सूर्य देवता के निकलने से ठंड में थोड़ी बहुत राहत मिली। लेकिन जैसे ही संध्या हुई वैसे ही कोहरा एवं गलन भरी ठंड ने फिर अपना रुख दिखाने लगी। धीरे-धीरे बढ़ रही गलन भरी ठंड से बचने के लिए लोग अपने घरों पर अलाव जलाकर बच्चे बूढ़े बुजुर्ग महिला पुरुष सभी ठंड से राहत महसूस कर रहे हैं। अचानक बढ़े ठंड के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। सुबह से ही लोग अपने घरों में दुबके रहे।

## स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जागरूकता लाने की जरूरत : प्रवीण पांडेय



**केटी न्यूज/ मऊ**

जनपद के केमिस्ट एसोसिएशन एवं स्वास्थ एवं परिवार कल्याण विभाग, औषधि निरीक्षक एव पीएसआई इंडिया के सहयोग से स्थानीय होटल इंद्रप्रस्थ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। दवा व्यवसाई किस प्रकार सरकार से स्वास्थ्य कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान कर उसे बढ़ा सकते हैं। इस कार्यशाला के माध्यम से उन्हें जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया। दवा व्यापार वेलफेयर सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी प्रवीण कुमार पांडेय ने बताया कि दवा कारोबारी हमेशा से ही चाहे कोविड-19 या सरकार की अन्य कोई योजनाएं उसमें अपना रोल अदा करते रहें हैं। परिवार नियोजन एवं टीबी मुक्त भारत जैसे कार्यक्रमों में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है। जिला औषधि निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन के साधनों का लोग उपयोग तो कर रहे हैं।

## पुलिस ने लुटेरी दुल्हन संग गिरोह को किया गिरफ्तार, एसपी ने किया खुलासा

♦ गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने धर-दबोचा

**केटी न्यूज/चंदौली**



सदर कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को लुटेरी गैंग को नगर के सकलडीहा तिराहे पुलिस चौकी के समीप धर दबोचा। जहां इसमें दुल्हन सहित तीन अन्य को पकड़ने में पुलिस सफल रही। उक्त मामले का खुलासा अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार व सीओ रामवीर सिंह ने पुलिस लाइन में किया। इस दौरान एएसपी विनय कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। कि संजय सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी मई तहसील नदवई जिला भरतपुर (राजस्थान) थाना लखनपुर का मूलवासी है। प्रार्थी की शादी नहीं हुई थी। इसे शादी के लिए कुछ लोगों से वार्ता किया और नगर निवासी सोनू ने संजय सिंह को शादी के लिए बुलाया था। जिसके कारण प्रार्थी अपने भाई भूपेन्द्र व भाभी पूनम पत्नी सूरज के साथ शादी करने के लिए चंदौली आया था। सोनू व उसके साथी राजू कृष्णा ने संजय कि शादी एक महिला सुमन सोनकर पुत्री बच्चन सोनकर निवासी सूजाबाद डोमरी थाना रामनगर वाराणसी से भारत रेस्टोरेन्ट से सोनू व उसके साथी राजू कृष्णा के सामने कराई। 26 दिसंबर को प्रार्थी संजय सुमन सोनकर को अपने साथ लेकर अपने गांव जा रहा था, लेकिन रास्ते में सुमन सोनकर के बैग में रखे 12 हजार रुपए को चुराकर भाग गई। संजय जब सोनू को उक्त के संबंध में फोन किया तो जानकारी हुई कि उसके साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी हुई है। पुलिस को सघन अभियान को बाद सफलता मिली है।

## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जन-जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# फाइलेरिया से बचाव की दवा खाने के लिए किया गया प्रेरित

**केटी न्यूज/ बलिया**



फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में 10 फरवरी से संचालित किए जाने वाले ट्रिपल ड्रग थेरेपी 'आईडीए' अभियान को लेकर जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अलका पाण्डेय की अध्यक्षता में पीसीआई संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को फाइलेरिया के बचाव से संबन्धित जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने कहा कि जनपद में 10 फरवरी से 28 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन के लिए ट्रिपल ड्रग थेरेपी आईडीए अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के अन्तर्गत दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर सभी को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए आइवेर्मेक्टिन, डाई एथाईल काबामाईजीन (डीईसी) एवं एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाई जाएगी। यह सभी दवा खाली पेट नहीं खिलाई जाएगी। आइवेर्मेक्टिन दवा उम्र व लंबाई के अनुसार खिलाई जाएगी। एल्बेण्डाजोल की गोली उम्र के अनुसार खिलाई जाएगी। यह दवा घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मी अपने सामने खिलाएँगे एवं किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सामान्य लोगों को इन दवाओं के खाने से किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव नहीं होते हैं।

अगर किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक है कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के कीटाणु मौजूद हैं, जोकि दवा खाने के बाद कीटाणुओं के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। उन्होंने बताया कि साल में केवल एक बार फाइलेरिया रोधी दवा खाने से फाइलेरिया के संक्रमण से बचा जा सकता है।

